RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 11 जुलाई 2023 | वर्ष 05 | अंक 79 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# विदर्भ दौरे पर उद्धव ठाकरे: फडणवीस को बताया नागपुर का कलंक

## कहा- भाजपा ने जो गद्दारी की है...

**नागपुर :** मर्द की औलाद हो तो सरकारी तंत्र को बाहर रखो और मैदान में उतरो। यह चुनौती शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भाजपा को दी। वे वसंतराव देशपांडे सभागृह में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने पीएम नरेन्द्र मोदी पर भी प्रहार करते हुए कहा कि मणिपुर क्यों नहीं जा रहे। डबल इंजिन की सरकार के बावजूद मणिपुर क्यों जल रहा है। मणिपुर में मर्दानगी दिखाओ। उन्होंने शिवसैनिकों अपील करते हुए कहा कि



सहनशीलता की हद हो गई है।

यह मेरी अकेले की लड़ाई नहीं है। देश का नेता कैसा हो यह नारा छोड़िए और देश कैसा हो इसकी चिंता करिये। ये संघर्ष अपनी पहचान की है। हिन्दूत्व को बदनाम होने से रोकने की है। जंग करना है तो हर कदम पर जंग करना पड़ेगा। मुझे भाजपा की चिंता नहीं है, देश की चिंता है। ऐसा ही चलता रहा तो लोगों का लोकतंत्र से विश्वास उठ जाएगा। यह जंग हमें जीतनी है और शपथ लो कि जब तक जीतेंगे नहीं तब तक लड़ेंगे।

### हिन्दूत्व के साथ गद्दारी

**उद्धव ने कहा कि हमारा हिन्दूत्व मुंह में राम बगल में छूरी वाला नहीं है। हिन्दूत्व को धोखा देने वाला नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि संघ को भाजपा का हिन्दूत्व मान्य है क्या। भाजपा ने भगवा का दो फाड़ किया यह हिन्दूत्व से, छत्रपति शिवाजी महाराज और भगवान राम से गद्दारी है। बाबरी ध्वंस के बाद अकेले बाल ठाकरे दम ठोक कर खड़े थे। इन्हें कर्नाटक में बजरंगबली का सहारा लेना पड़ता है। उन्होने शिवसैनिकों से अपील की कि जनसंपर्क बढ़ाओ, लोगों से मिलो और जागरूक करो।**

### भाजपा में जाकर भ्रष्टाचारी हो जाते सदाचारी

**ठाकरे ने देवेन्द्र फडणवीस की वह क्लिप मोबाइल पर सुनाई जिसमें उन्होंने कहा था कि राकां जैसी भ्रष्ट पार्टी के साथ कभी नहीं जाएंगे। अविवाहित रहना पसंद करेंगे लेकिन राकां के साथ नहीं जाएंगे। ठाकरे ने कहा कि पहले सीएम थे अब डीसीएम बन गए, उनकी हालत विचित्र हो गई। भ्रष्टाचार के आरोप लगाना, फिर ईडी लगाकर डराना और उसे भाजपा में शामिल कर मंत्री बना देना। जो भाजपा में चला जाता है वह भ्रष्टाचारी से सदाचारी बन जाता है। उन्होंने भाजपा को नेशनल करप्ट पार्टी बताया। कहा कि भाजपा घर फोड़ने और घर-घर में झगड़ा लगाने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा अब राज्य में एक तीसरा मुख्यमंत्री होगा। इनका एक ही नारा है भ्रष्ट पक्ष को मिलाओ और भाजपा को बढ़ाओ।**

# महाराष्ट्र में मंत्रियों के विभागों पर अब भी नहीं बनी बात...

## सीएम एकनाथ शिंदे भी दबाव में

**मुंबई :** राज्य की शिंदे-फडणवीस सरकार में अजित पवार के शामिल होने के बाद तीनों दलों में घमासान मचा हुआ है। एक सप्ताह हो जाने के बावजूद अब तक अजित पवार के साथ कैबिनेट में शामिल मंत्रियों के विभागों का बंटवारा नहीं हो पाया है। पता चला है कि मंत्रिमंडल के एक और विस्तार के बाद ही



विभागों का बंटवारा हो पाएगा। उधर, दूसरे उपमुख्यमंत्री अजित पवार को वित्त मंत्रालय दिए जाने की बात को लेकर शिंदे गुट खासा नाराज दिखाई दे रहा है। शिंदे गुट के विधायकों को डर है कि अगर मंत्रिमंडल विस्तार से पहले अजित पवार के साथ उनके आठ मंत्रियों में विभागों का बंटवारा कर दिया गया तो मुसीबत और बढ़ जाएगी। एनसीपी की नजर राजस्व और वित्त सहित मलाईदार मंत्रालय पर है। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी काफी दबाव में हैं।

### निर्दलियों का भी दबाव

**तीनों दलों के अलावा सरकार को समर्थन दे रहे निर्दलीय विधायकों को भी मंत्री बनाने का दबाव है। निर्दलीय विधायक बच्चू कडू और रामटेक के विधायक आशीष जैसवाल जो शिंदे गुट के साथ हैं, इन्होंने अपने बगावती तेवर दिखाने भी शुरू कर दिए हैं। ऐसे में शिंदे सरकार में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा हैं।**

### बीजेपी के 2 मंत्रियों का कटेगा पत्ता

**उधर, चर्चा है कि मंत्रिमंडल विस्तार के साथ बीजेपी के दो मंत्रियों का पत्ता कटेगा। तीन दलों की सरकार में सत्ता समीकरण बिठाने में बीजेपी के लिए चुनौती बनी है। अजित पवार वित्त और राजस्व विभाग के लिए अड़े हुए हैं। यदि उन्हें राजस्व विभाग दिया जाता है तो राधाकृष्ण विखे पाटिल से बीजेपी को विभाग छिनना होगा। उल्लेखनीय है कि अजित पवार के साथ आठ मंत्रियों को कैबिनेट मंत्री बनाकर कैबिनेट मंत्री पद का कोटा ही खत्म कर दिया गया है। अब 13 पद राज्य मंत्रियों के बचे हैं। ऐसे में कैबिनेट पद पाने की लालसा में बैठे शिंदे गुट के विधायकों के लिए मुश्किल हो गई है। एकनाथ शिंदे के साथ सबसे पहले बगावत करने वाले भरत सेठ गोगावले जैसे विधायकों का मंत्री बनने का सपना टूटता नजर आ रहा है।**

### वसई में हिट एंड रन का मामला

## मंदिर जाते समय स्कूटी सवार 2 लोगों को इनोवा कार ने उड़ाया




**मुंबई:** वसई में हिट एंड रन का एक मामला सामने आया है। यहां मंदिर जाते समय स्कूटी सवार 2 लोगों को इनोवा कार ने उड़ा दिया। पीड़ितों की हालत गंभीर है। इस घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है। दरअसल आज सुबह छह बजे दो चचेरे भाई तुंगारेश्वर मंदिर में देवदर्शन के लिए जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही एक इनोवा कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और फिर मौके से निकल गई।

**क्या है पूरा मामला**

आज सुबह जब प्रसाद प्रजापति और उनके चचेरे भाई नितेश प्रजापति वसई के तुंगारेश्वर मंदिर जा रहे थे, उसी दौरान वसई के फादरवाड़ी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाते समय उसी सड़क से आ रही एक तेज रफ्तार इनोवा कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी और वहां से निकल गई। यह घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। इसमें दोनो भाई गंभीर रूप से घायल हैं और उन्हें इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रसाद और नितेश की फादरवाड़ी में साड़ी की दुकान है। आज सोमवार होने के कारण दोनों स्कूटी से तुंगारेश्वर महादेव के दर्शन के लिए निकले थे। वालीव पुलिस अब इस सीसीटीवी की मदद से इनोवा कार की तलाश कर रही है।

# मानखुर्द पुलिस ने डकैती से पहले दो लुटेरों को किया गिरफ्तार...

## नवी मुंबई में कई मामले हैं दर्ज

**मुंबई :** मानखुर्द पुलिस के हाथ एक बड़ी कामयाबी लगी है। पुलिस ने नवी मुंबई के दो हिस्ट्रीशीटर लुटेरों को डकैती से पहले ही धर दबोच लिया है। दोनों की पहचान पनवेल निवासी ओम प्रकाश किसन चौहान उर्फ बुड्ढा और वाशी के रहने वाले अली हुसैन घोंघे के रूप में की है। पुलिस की जांच में सामने आया कि बुड्ढा के खिलाफ नवी मुंबई के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है, जबकि अली के खिलाफ सिर्फ एपीएमसी मार्केट पुलिस स्टेशन एक मुकदमा दर्ज है। इनके पास से पुलिस ने डकैती के इस्तेमाल में आने वाली



सामग्री बरामद की है।

**फिल्मी अंदाज में किया अरेस्ट**

मानखुर्द पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महादेव कोली ने बताया कि सहायक पुलिस निरीक्षक (डिटेक्शन) गणेश वाघ अपनी टीम कॉन्स्टेबल संदीप पाटिल, आव्हाड, नोले, भोर और सणस के साथ पेट्रोलिंग कर रहे थे और इन्होंने ही दोनों डकैतों को पकड़ा है। पुलिस के अनुसार, गश्त के दौरान देर रात उन्हें दो संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए, जब पुलिस ने उन्हें रोककर पूछताछ करने की कोशिश की तो दोनों पुलिस को देख के भागने लगे, करीब 2 किमी तक दोनों को दौड़ाकर पुलिस ने फिल्मी अंदाज में इन्हें पकड़ा और उसकी तलाशी लेने पर लूट की वारदात में उपयोग होने वाले हथियार मिले है। पुलिस इस बार की तहकीकात कर रही है कि यह नवी मुंबई से मानखुर्द इलाके किस घर में चोरी या डकैती के मकसद से आए थे, इनका यहां कौन साथी है?

## बांद्रा में समुद्र में डूबी महिला का शव बरामद



**मुंबई :** भारतीय तटरक्षक बल ने मुंबई के बांद्रा में समुद्र में डूबी एक महिला का शव सोमवार को बरामद कर लिया। नगर निकाय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार दोपहर बांद्रा किले के पास समुद्र में डूबने के बाद ज्योति सोनार के लिए तलाश और बचाव अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि तट रक्षकों ने सोमवार सुबह सोनार का शव बरामद कर पुलिस को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि शव को नगर निगम द्वारा संचालित कूपर अस्पताल ले जाया गया।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# आधारभूत ढांचे की पोल...

देश के एक बड़े हिस्से में मानसून के आगमन ने गर्मी और उमस से राहत तो दी, लेकिन इसी के साथ जलमग्न अंडरपास और सड़कों पर जलभराव ने छोटे-बड़े शहरों के आधारभूत ढांचे और वर्षा जल निकासी व्यवस्था की पोल भी खोल दी। अनेक शहरों में सड़कों पर जलभराव के चलते कारें एवं अन्य वाहन डूब से गए। कहीं-कहीं सड़कें धंस गईं और नाले उफना गए। लोग ट्रैफिक जाम से त्रस्त हुए और उन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचने में अच्छी-खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगह हादसे भी हुए, जिनमें लोगों की जान पर बन आई। कुछ शहरों में स्कूलों की छुट्टी तक करनी पड़ी। कहीं-कहीं ऐसे दृश्य दिखाई दिए जैसे सड़कों पर बाढ़ आ गई हो। इसके चलते आनंद देने वाली वर्षा मुसीबत बन गई। चूंकि जलभराव जनित समस्याओं से दिल्ली और मुंबई जैसे शहर भी दो-चार हुए, इसलिए यह आसानी से समझा जा सकता है कि छोटे एवं मझोले शहरों में क्या हुआ होगा?

इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि सड़कों, रेलवे ट्रैक आदि को जलभराव का सामना पहली बरसात में ही करना पड़ा। यह समझ आता है कि कहीं पर एक सीमित समय में अनुमान से अधिक बारिश हो जाए तो जल निकासी की व्यवस्थाएं अपर्याप्त सिद्ध हो जाती हैं, लेकिन इसका कोई औचित्य नहीं कि सामान्य बरसात में ही हमारा शहरी जीवन कष्टों से घिर जाए। वैसे तो सदैव की तरह इस बार भी बरसात के आगमन के पहले नगर निकायों की ओर से ऐसे दावे किए गए थे कि जल निकास प्रणालियों की साफ-सफाई करने के साथ ऐसी व्यवस्था कर ली गई है कि लोगों को बारिश में समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा, लेकिन ऐसे सारे दावे हमेशा की तरह थोथे साबित हुए। यह पहली बार नहीं हुआ। ऐसा हमेशा से होता आ रहा है। इससे इन्कार नहीं कि पिछले कुछ वर्षों में शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे का तेजी से विकास हुआ है, लेकिन यह मानने के भी अच्छे-भले कारण हैं कि यह उतना टिकाऊ और भरोसेमंद नहीं, जितना होना चाहिए। यह एक तथ्य है कि नई सड़कें और यहां तक कि राजमार्ग एवं उनके इर्द-गिर्द बने अंडरपास थोड़ी सी ही वर्षा में जलमग्न हो जाते हैं। नगर प्रशासक, नगर नियोजक, इंजीनियर आदि इससे भली तरह परिचित हैं कि ऐसा क्यों होता है, लेकिन पता नहीं क्यों वे ऐसा निर्माण करते हैं, जो कामचलाऊ सिद्ध होता है। यदि शहरों के आधारभूत ढांचे का विकास इसी तरह अनियोजित और अदूरदर्शी तरीके से होता रहा तो वे कभी समस्याओं से उबर ही नहीं पाएंगे। नगरों के आधारभूत ढांचे का सही तरह से विकास न हो पाने का एक बड़ा कारण है कि जो लोग भी निर्माण कार्यों के लिए उत्तरदायी होते हैं, उन्हें जवाबदेह नहीं बनाया जाता। इसीलिए मानकों की अनदेखी कर आधारभूत ढांचे का निर्माण होता रहता है और वह संकट खड़े करता रहता है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मुंबई में ऑटो में महिला से रेप, पेट पर मारी लात... टूट गए टांके



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां ऑटो में एक महिला यात्री के साथ ड्राइवर ने दुष्कर्म किया. बताया जा रहा है कि महिला उइऊ बेलापुर नवी मुंबई से गोरेगांव आ रही थी. रास्ते में आरे के जंगल में ले जाकर ऑटो ड्राइवर ने जबरन दुष्कर्म किया. दुष्कर्म के बाद आरोपी ने महिला की लात-घूसों से पिटाई की. दो महीने पहले ही महिला की डिलीवरी हुई थी, जिससे उसके पेट के टांके टूट गए. ड्राइवर ने महिला को धमकी दी कि अगर किसी से कुछ बताया तो जान से मार दूंगा. बता दें कि घटना 17 मई की है. पुलिस की दी शिकायत में पीड़िता (20) ने बताया कि 17 मई को शाम चार बजे नवी मुंबई के उइऊ बेलापुर से गोरेगांव लौटते समय ऑटो ड्राइवर ने आरे के जंगल में ऑटो रोका. बाथरूम जाने के बहाने वह ऑटो से उतरा और पीछे से उसका मुंह दबाकर चुप करा दिया. इसके बाद ऑटो में ही ड्राइवर ने उसके साथ दुष्कर्म किया और लात-घूसों से जमकर पीटा.

**2 महीने पहले हुई थी महिला की डिलीवरी**

पीड़िता ने बताया कि दो महीने पहले ही उसकी डिलीवरी हुई थी. पिटाई के चलते उसके टांके टूट गए और ब्लीडिंग होने लगी. दुष्कर्म के आरोपी ने धमकी दी कि अगर किसी से कुछ बताया तो वह जान से मार दूंगा. धमकी देने के बाद ड्राइवर ऑटो लेकर वहां से चला गया. महिला किसी तरह अपने घर पहुंची, लेकिन पिटाई और धमकी के चलते उसने किसी को कुछ बताया नहीं.

**6 जुलाई को पुलिस ने दर्ज की FIR**

महिला को तकलीफ में देख जब घरवालों ने दबाव डालकर पूछा तो महिला ने घरवालों को सिर्फ छेड़छाड़ की बात बताई. इसके बाद घरवाले उसे पुलिस स्टेशन ले गए. पुलिस ने जब महिला की कॉउंसलिंग कराई, तब उसने सारी बात बताई. आखिरकार छह जलाई को इस मामले में ऋक्ष्क्ष्रदर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई. जांच-पड़ताल के दौरान पता चला कि आरोपी यूपी भाग गया है.

**UP का रहने वाला है आरोपी**

आरोपी का नाम इंद्रजीत सिंह था. पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए उसके ही साथियों का सहारा लिया. बहाने से उसे पहले मुम्बई बुलाया. जैसे ही आरोपी मुंबई पहुंचा तो आरे पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376, 354इ 509, 323, 506 के तहत FIR दर्ज की है.

# महाराष्ट्र में आयाराम-गयाराम का खेल, कभी शरद तो कभी अजित... विधायक ने 5 दिन में 3 बार बदला पाला

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में एक बार फिर से आयाराम-गयाराम की राजनीति जोर पकड़ती दिखाई देने लगी है. गठबंधन सरकार की कैबिनेट में जगह बनाने और दूसरे फायदों के लिए विधायकों के रातोरात पाला बदलने की खबरें जमकर सुर्खियां बटोरने लगी हैं. ऐसे ही एक घटना में सतारा की वाई सीट से एनसीपी विधायक मकरंद जाधव-पाटिल एक बार फिर से नए डिप्टी सीएम अजीत पवार के खेमे में शामिल हो गए. महज एक हफ्ते से भी कम समय में उन्हें तीसरी बार पाला बदलते देखा गया है. जाधव-पाटिल पहले तो अजित पवार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे, लेकिन अगले ही दिन उन्होंने सतारा में शरद पवार का स्वागत किया और कराड यात्रा पर उनके साथ गए.



एक रिपोर्ट के मुताबकि अपने भतीजे अजित पवार की बगावत के बाद पार्टी को बचाने के लिए शरद पवार खुद मैदान में उतरे और कराड यात्रा में मकरंद जाधव-पाटिल को उनके साथ देखा गया. विधायक रामराजे नाइक-निंबालकर और दीपक चव्हाण पिछले शुक्रवार को जाधव-पाटिल से पहले ही इस कारनामे को अंजाम दे चुके हैं. वाई विधानसभा सीटमें तीन तहसीलें शामिल हैं और मकरंद जाधव-पाटिल के सैकड़ों समर्थकों ने अपने नेता का ही अनुसरण किया. गौरतलब है कि 2 जुलाई को एकनाथ शिंदे-देवेंद्र फडणवीस सरकार में अजित पवार के साथ आठ विधायकों के मंत्री पद की शपथ लेने के बाद एनसीपी में फूट पड़ गई.बहरहाल अजित पवार और मकरंद जाधव-पाटिल के समर्थकों के बीच बैठक का एक कथित वीडियो सामने आया है. जिसमें जाधव-पाटील वफादारी बदलने के लिए दो शर्तें रख रहे हैं. जिसमें कर्ज में डूबे किसानों और खंडाला चीनी कारखानों को वित्तीय मदद के साथ वाई विधायक को मंत्री बनाना भी शामिल है. सूत्रों ने बताया कि औपचारिक रूप से पाला बदलने के बाद अजित पवार और जाधव-पाटिल ने बंद कमरे में बैठक की.

# कांग्रेस ने हिंदू और मुसलमानों के बीच दरार पैदा की- शिंदे



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मुसलमानों के एक कार्यक्रम में पहुंच कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा. शिंदे ने कांग्रेस पर मुसलमानों के बीच डर पैदा करने और उनके तथा हिंदुओं के बीच दरार पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया. उट ने कहा कि जो मुसलमान इस राज्य और देश का सम्मान करते हैं, वे हमारे हैं. हालांकि, यह कांग्रेस ही थी जिसने हमेशा दोनों समुदायों के बीच दरार पैदा की. कांग्रेस वर्षों से दोनों समुदायों को एक-दूसरे से दूर रखने, दरार पैदा करने और वोटबैंक की राजनीति करती आई है.




# एक साल में मजिस्ट्रेट ने वसूला 303 करोड़ रुपये का जुर्माना

## मुंबई की सेंट्रल रेलवे ने बनाया रिकॉर्ड...

**मुंबई:** आमतौर पर आपने ट्रेनों में या स्टेशनों पर टिकिट निरीक्षकों को जांच करते हुए देखा होगा, लेकिन रेलवे में मजिस्ट्रेट को भी टिकट जांच करने का अधिकार है। इसी अधिकार के उपयोग से मध्य रेलवे ने इस बार जुर्माना वसूलने में रेकॉर्ड बनाया है। मध्य रेलवे जोन में सभी डिविजन के मजिस्ट्रेट द्वारा ट्रेनों और स्टेशनों पर की गई जांच में रेलवे को पिछले वित्त वर्ष में 303 करोड़ रुपये का रेकॉर्ड राजस्व मिला है। आमतौर पर बेटिकट यात्री जब पकड़े जाते हैं, तब टीसी उनसे जुर्माना वसूलते हैं। कई बार जुर्माना नहीं भरने वालों को कोर्ट में मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाता है। यहां मजिस्ट्रेट के फैसले पर अपराधी को दंड दिया जाता है। कभी-कभी मजिस्ट्रेट खुद कमर्शल और आरपीएफ स्टाफ के साथ स्पॉट पर जाकर जांच करते हैं। वे ट्रेनों में जाते हैं या स्टेशनों पर लोगों के टिकट चेक कर सकते हैं। हॉकर्स को दंडित कर सकते हैं या रेलवे ऐक्ट के अन्य कोई अपराध में ऑन द स्पॉट फैसला सुना सकते हैं। कई बार जांच के दौरान ट्रेनों में यात्रियों द्वारा खराब गुणवत्ता के भोजन या साफ-सफाई नहीं होने की भी शिकायतें मिलती हैं। ऐसे में मजिस्ट्रेट को ठेकेदार के खिलाफ फैसला सुनाने का भी अधिकार होता है।



### मध्य रेलवे के आठ मजिस्ट्रेट कोर्ट

मध्य रेलवे में सीएसएमटी, कल्याण, पुणे, भुसावल, मनमाड, खंडवा, नागपुर और दौंड सहित आठ मजिस्ट्रेट कोर्ट हैं। इन सभी डिविजन में मजिस्ट्रेट जांच के लिए रेलवे एक टारगेट तय करती है। पिछले वित्तीय वर्ष में ये टारगेट 235.50 करोड़ का था, जबकि वसूली 303.37 करोड़ की हुई। आठ मजिस्ट्रेट द्वारा हर रोज 12,838 लोगों को दंडित कर रोजाना करीब 1 करोड़ रुपये जुर्माना वसूला गया। ये रेलवे के निर्धारित लक्ष्य से 41 प्रतिशत ज्यादा रकम है।

### स्टेशन पर लगते हैं कोर्ट

मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवराज मानसपुरे ने बताया कि मजिस्ट्रेट जांच के दौरान ऑन द स्पॉट फैसला सुनाना होता है, इसलिए ट्रेनों में या स्टेशनों पर ही कोर्ट लगाया जाता है। आरोपों के आधार पर पकड़े गए व्यक्तियों पर भारतीय रेलवे अधिनियम की धारा 137, 139, 141, 142, 143, 147, 155, 156, 157 और 162 के तहत रेलवे मजिस्ट्रेट द्वारा हुक्मनामा सुनाया जाता है। मानसपुरे ने बताया कि महाराष्ट्र राज्य के अधिकार क्षेत्र में चलती ट्रेनों में जांच की जाती है और स्टेशनों पर अदालतें आयोजित की जाती हैं, जबकि मध्य रेल के मध्य प्रदेश क्षेत्र में मोबाइल अदालतें आयोजित की जाती हैं।

### इस साल भी बनेगा रेकॉर्ड...

अप्रैल से जून 2023 तक अब तक मजिस्ट्रेट जांच दल द्वारा 13.39 लाख मामले दर्ज किए जा चुके हैं। इस साल प्रतिदिन औसतन 14,877 मामले दर्ज कर 94.04 करोड़ जुर्माना वसूला है। रेलवे ने इस पीरियड के लिए 66.50 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया था। इस प्रकार मामले दर्ज करने में 25.51 प्रतिशत और राजस्व में रेलवे 41.42 प्रतिशत लक्ष्य से आगे निकल गया है।

## मुंबई में इस मानसून में हुई वर्ष की 31.17 प्रतिशत बारिश

**मुंबई** : मुंबई में सोमवार सुबह तक 2,547 मिलीमीटर बारिश हुई जो वर्ष भर में होने वाली औसत बारिश का 31.17 प्रतिशत है। नगर निगम ने मानसून रिपोर्ट में यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, देश की वित्तीय राजधानी में मानसून ने जून 25 को दस्तक दी थी, जो दो सप्ताह की देरी से आया था। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) की रिपोर्ट के अनुसार, बीते 15 दिनों में मुंबई में आईएमडी के सांताक्रुज वेधशाला (उपनगर का आधिकारिक केंद्र) में 1,043.8 मिलीमीटर बारिश और कोलाबा वेधशाला (शहर का आधिकारिक केंद्र) ने 658.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की। रिपोर्ट के अनुसार, सांताक्रुज वेधशाला में दर्ज की गई बारिश, वार्षिक औसतन बारिश 2,784 मिलीमीटर का 37.49 प्रतिशत है और कोलाबा वेधशाला में दर्ज हुई बारिश 2,310 मिलीमीटर का 28.52 प्रतिशत है।

## ठाणे में रेहड़ीवाले को किया अगवा, बंधक बना कर पीटा... 4 के खिलाफ मामला दर्ज




ठाणे : महाराष्ट्र के ठाणे जिले में ऋण ना चुका पाने पर एक रेहड़ीपटरी वाले को चार लोगों ने कथित तौर पर अगवा कर एक मकान में बंधक बना कर रखा और उसे पीटा। पुलिस ने सोमवार यह जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित ने आरोपियों में से एक व्यक्ति से ऋण लिया था। कल्याण के एमएफसी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ित शहर में रेहड़ी लगाकर पानी पुरी की बेचता है और उसने एक व्यक्ति से डेढ़ वर्ष पूर्व एक लाख रुपये का ऋण पांच प्रतिशत के ब्याज पर लिया था।


अधिकारी ने बताया कि ऋणदाता ने बाद में ब्याज 10 प्रतिशत कर दिया। पीड़ित ने 20,000 रुपये का भुगतान कर दिया था लेकिन किसी कारणवश बची हुई राशि नहीं लौटा पाया। पुलिस ने कहा कि तीन लोग सात जुलाई को पीड़ित की रेहड़ी पर आए। उन्होंने कथित तौर पर उसका अपहरण किया और मोटरसाइकिल पर बैठाकर ऋणदाता के पास ले गए।

अधिकारी ने बताया कि ऋणदाता और अन्य लोगों ने पीड़ित को कथित तौर पर पीटा और कहा कि वह बदलापुर में स्थित अपना फ्लैट उन्हें दे दे और कर्ज की रकम लौटा दे, वरना वे उसे नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पीड़ित को ऋणदाता के घर पर कथित रूप से रातभर रखा गया और उसकी पिटाई की गई। उसे आठ जुलाई को छोड़ा गया जिसके बाद उसने पुलिस के पास पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ रविवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 364(ए)(अपहरण), 341(गलत तरीके से रोकना), 323 व 324 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) तथा 506 (आपराधिक धमकी) और महाराष्ट्र साहूकारी (विनियम) अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में जांच जारी है।

## ठाणे में केबल ऑपरेटर के ऑफिस में गोलीबारी, 4 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे** : महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक केबल ऑपरेटर के कार्यालय में चार लोगों ने कर्मचारियों को कथित तौर पर धमकी दी और उनमें से एक ने बहस के बाद परिसर में गोलियां चला दीं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने बताया कि उल्हासनगर इलाके में रविवार शाम करीब सात बजे हुई इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ और चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी केबल ऑपरेटर के कार्यालय में गए, मालिक के बारे में पूछताछ की और कर्मचारियों को उस व्यक्ति से दूर रहने के लिए कहा जिसका उन्होंने नाम लिया था। बाद में कार्यालय के प्रवेश द्वार पर सुरक्षा कर्मियों के साथ उनकी बहस हो गई और एक आरोपी ने कथित तौर पर गोलियां चला दी।



अधिकारी ने बताया कि हिल लाइन पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 452 (चोट पहुंचाने, हमला करने या गलत तरीके से रोकने की तैयारी के बाद अतिक्रमण), 440 (जान से मारने या चोट पहुंचाने की तैयारी के बाद किया गया उपद्रव), 506 (आपराधिक धमकी) और 34 (सामान्य मंशा से किया गया कृत्य) और शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया। मामले की जांच जारी है। वहीं पुलिस उपायुक्त डॉ. सुधाकर पठारे ने एक स्थानीय राजनेता के कार्यालय पर गोलीबारी की अफवाहों को खारिज कर दिया।




# ज्ञान वात्सल पावन वषायोग 2023 की स्थापना ग्वालियर में हुई



ग्वालियर में मामा का बाजार चितौरा ओली के जैन मंदिर में परम पूज्य आचार्य श्री 108 ज्ञान सागर जी महाराज की शिष्य गणिनी आर्यिका 105 अंतसमति माताजी ससंघ का चतुर्मास स्थापना की गई। जया अग्रवाल ने बताया कि, कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारत तिब्बत सहयोग मंच प्रांत अध्यक्ष मोनिका जैन एडवोकेट एवं प्रदेश महामंत्री अर्जुन अग्रवाल,वीरेंद्र गंगवाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, पारस जैन मनोज जैन (जैन कॉलेज) उपस्थित हुए। माताजी के प्रथम मंगल कलश प्राप्त करने का सौभाग्य उनके गृहस्थ जीवन के भाई देवेंद्र कुमार जैन कामरा (ललितपुर) एवं बेटे रितेश कुमार मोदी (दिल्ली) को मिला। विभिन्न मंडलों ने माता श्री अर्घ अर्पण किए। जिसमें जैन मिलन आदिनाथ किला गेट शाखा के सदस्य मोनिका जैन सुषमा जैन, जया जैन, कल्पना जैन, शकुंतला जैन, ललिता जैन,कोमल जैन,अर्जुन अग्रवाल विनोद कुमार जैन, ने माता श्री को अर्घ चढ़ाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विकास जैन कर रहे थे कार्यक्रम की शुरूआत मंगलाचरण से की गई एवं आए हुए अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की भोजन व्यवस्था मैं सहयोग अजीत जैन, अभिषेक जैन, कंषीत जैन अन्य सदस्यों ने की। वषायोग समिति द्वारा मंच की व्यवस्था की गई। उपस्थित वर्षा योग समिति सदस्य अध्यक्ष सुशील जैन, सचिव विकास जैन, उपाध्यक्ष हेमंत जैन, कोषाध्यक्ष भरत जैन एवं संदीप पाटनी, आहार व्यवस्थापक श्रेयांश जैन, महामंत्री जितेंद्र जैन उपस्थित हुए।

# मुंबई मनपा का 5 हजार शौचालयों में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनें लगाने का निर्णय

**मुंबई :** मनपा के सार्वजनिक शौचालयों में सेनेटरी पैड मशीन लगाने का निर्णय मनपा प्रशासक की ओर से लिया गया है। मुंबई मनपा की ८,१७० सार्वजनिक शौचालयों में से लगभग ५ हजार शौचालयों में ये पैड मशीनें लगाने की योजना है। महिलाओं के लिए मनपा की यह योजना बेहतर साबित हो सकती है लेकिन इस योजना की आड़ में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। ये मशीनें लगभग दोगुने दाम अर्थात ७२ हजार रुपए में खरीदी जा रही हैं। इस मामले में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने के आरोप लग रहे हैं। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पक्षनेता व युवासेनाप्रमुख आदित्य ठाकरे ने भी इस घोटाले को लेकर मनपा और राज्य सरकार का घेराव किया था।



बाजार में यह मशीन २० से २५ हजार रुपए में उपलब्ध है, लेकिन मनपा के शौचालयों में लगनेवाले इस सेनेटरी पैड मशीन की कीमत लगभग ७२ हजार रुपए बताई गई है। मनपा अधिकारी के मुताबिक, मुंबई में कुल ८ हजार १७३ शौचालय हैं, इनमें १ लाख शौचालय (सीटें) हैं। ५ हजार शौचालयों में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनें लगाने का निर्णय लिया गया है।

मनपा के अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि बाजार में २३ हजार में सेनेटरी पैड मशीन मिलती है लेकिन उसमें केवल सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग सुविधा है जबकि हम जो मशीन खरीद रहे हैं, उसमें तमाम सुविधाएं हैं। हमारी मशीन डेटा एनालिटिक्स आधारित 'कॉम्बो सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग इंसिनरेटर मशीनें' हैं। फिलहाल २०० मशीनों को खरीदा गया है। ४,८०० मशीनें खरीदने का निर्णय लिया गया है।

मनपा में सेनिटरी पैड मशीन खरीदी घोटाले को लेकर पूर्व नगरसेवक सचिन पडवल ने कहा कि इतने पैमाने पर घोटाला मनपा में आखिर किसकी सह पर किया जा रहा है। मनपा को खुलासा करना चाहिए कि आखिर मुंबईकरों की मेहनत का पैसा इस प्रकार से निजी वंडपनियों की झोली में क्यों डाला जा रहा है। मनपा अधिकारी के अनुसार इन सभी मशीनों में नैपकिन समाप्त होने पर उसे पुनः भरने के लिए कर्मचारी नियुक्त होंगे। कॉम्बो मशीन की इस कीमत में जनशक्ति, वाहन व्यवस्था और सभी संबंधित खर्च शामिल हैं। इन मशीनों की संभावित क्षति और चोरी को ध्यान में रखते हुए आवश्यक बीमा की लागत का भुगतान भी इसी के अनुबंध दर के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक विद्युत उपकरण और उनके कनेक्शन की लागत, इसे सेंसर से कनेक्ट कर कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। इन सभी को मिलाकर मशीन की कीमत बढ़ गई है।

# युवा कर्मचारियों में अपनी नौकरी को लेकर असुरक्षा...



**मुंबई :** मौजूदा डिजिटल युग में जेनरेशन जेड यानी १८ साल से लेकर २४ साल तक उम्र वाले लोग, जिन्हें जूमर्स भी कहा जाता है, अपनी नौकरी को लेकर भयंकर हताशा के दौर से गुजर रहे हैं। वैश्विक स्तर पर कामकाजी लोगों का निरंतर अध्ययन करनेवाली संस्था ऑल्वेज डिजाइनिंग फॉर पीपल (एडीपी) ने हाल ही में दुनिया के १७ देशों के ३२ हजार से अधिक कर्मचारियों का सर्वेक्षण किया। इस सर्वेक्षण में सामने आया है कि भारत के ४७ प्रतिशत नौकरीपेशा लोग अपनी नौकरी को लेकर दुविधा में जी रहे हैं। भारत में जेनरेशन जेड के लगभग ५० प्रतिशत कर्मचारियों में अपनी नौकरी को लेकर भयंकर असुरक्षा व्याप्त है। इस सर्वेक्षण में केवल ३८ प्रतिशत नौकरीपेशा लोगों ने कुछ हद तक अपनी नौकरी को सुरक्षित माना है।

एडीपी रिसर्च इंस्टीट्यूट ने इसी ७ जुलाई को 'पीपुल एट वर्क २०२३ः ए ग्लोबल वर्कफोर्स व्यू' नामक शोध रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस रिपोर्ट में अपनी नौकरी को लेकर अनिश्चितता से जूझ रहे जेनरेशन जेड के भारतीय कर्मचारियों के आंकड़ों ने भारत के सभी सरकारी दावों की पोल खोल दी है। ध्यान देनेवाली बात है कि जेनरेशन जेड समूह के कर्मचारियों के सामने सारा जीवन पड़ा है। उन्हें लंबे समय तक टिकाऊ नौकरी की जरूरत होती है ताकि वे अपना घर-संसार बसा सकें। लेकिन आलम यह है कि उनके सामने 'आगे क्या होगा रामा रेऽऽऽ' की स्थिति पैदा हो गई है।

इस सर्वेक्षण में जेनरेशन जेड के ५० प्रतिशत कर्मचारियों ने माना कि वे अपनी नौकरी को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यही सवाल जब ५५ साल से अधिक उम्रवाले भारतीय कर्मचारियों से किया गया तो २४ प्रतिशत कर्मचारियों ने माना कि उनकी नौकरी की कोई गारंटी नहीं है। इसका मतलब है कि अधेड़ कर्मचारियों की तुलना में युवा कर्मचारियों में नौकरी की असुरक्षा की भावना दोगुनी है।

नौकरियों में छंटनी के आंकड़ों पर नजर रखनेवाली 'लेऑफ' जैसी वेबसाइटों के अनुसार, इस साल जनवरी से अब तक ६० से अधिक भारतीय कंपनियों ने १० हजार से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। यह संभावना भी जताई जा रही है कि एआई उपकरणों और ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी (स्वचालन प्रौद्योगिकियां) के चलते विभिन्न उद्योगों में लोगों की नौकरियों पर और अधिक खतरा मंडराएगा।

# स्काईवॉक इन दिनों फेरीवालों और नशेड़ियों का अड्डा !

**मुंबई :** वडाला-पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाला स्काईवॉक इन दिनों फेरीवालों और नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है। शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती दिख रही है, जिससे भविष्य में कोई गंभीर घटना घट सकती है। इस तरह का आरोप स्थानीय लोगों ने 'दोपहर का सामना' के सिटीजन रिपोर्टर संजय रणदिवे के माध्यम से लगाया है। उपनगर के भीड़-भाड़ वाले स्टेशनों में से एक वडाला स्टेशन पर आवागमन करने का यह स्काईवॉक एक प्रमुख जरिया है। रोजाना हजारों लोग इस रास्ते से गुजरते हैं। लेकिन पिछले कुछ समय से दिन में यहां फेरीवालों ने कब्जा जमा लिया है। फेरीवाले धड़ल्ले से बड़े-बड़े स्टॉल लगाकर व्यवसाय करते हैं, जिससे पैदल यात्रियों के लिए चलना बहुत मुश्किल हो जाता है। खासकर महिलाओं के लिए, क्योंकि असामाजिक तत्व इस भीड़ का फायदा उठाकर गलत हरकत करते हैं। रात होते ही भीमवाड़ी के



पास स्काईवॉक पर नशेड़ी और शराबी रात में शराब पीने के लिए बैठ जाते हैं। जिस वजह से पैदल चलने वाले लोग उस जगह से जाने से कतराते हैं। इस बात की शिकायत मनपा, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट और रेलवे व सिटी पुलिस से की गई है, लेकिन कोई असर नहीं हो रहा है। शिकायतकर्ता ने तुरंत कार्रवाई की मांग की है, ताकि लोग भयमुक्त होकर स्काईवाक का उपयोग कर सकें।

शिकायतकर्ता का कहना है कि स्काईवॉक की मरम्मत के लिए ९ लाख की धनराशि स्वीकृत की गई, लेकिन कोई ठोस काम नजर नहीं आता। सिर्फ स्काईवॉक का रंग-रोगन का कार्य आंशिक रूप से किया गया है। हालांकि, ठेकेदार के खिलाफ कोई कारवाई नहीं की गई है। पहले मानसून के दौरान स्काईवॉक की छत के हिस्से हवा से उड़ गए थे।

वडाला स्काईवॉक पर फेरीवालों और नशेड़ियों की वजह से हो रही दिक्कतों की शिकायत के बाद मनपा ने फेरीवालों पर दिखावे के लिए कारवाई की थी, जिसके बाद फेरीवाले थोड़े दिन नजर नहीं आए। फेरीवालों ने स्काईवॉक पर पुनः डेरा जमा लिया है। मनपा ने मरम्मत के नाम पर इस स्काईवॉक के टूटे हुए टाइल्स को मात्र बदल दिया है।



# मुंबई हवाई अड्डे पर 1.41 लाख डॉलर के साथ दो गिरफ्तार



**मुंबई :** सीमा शुल्क विभाग की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने सोमवार को कहा कि उन्होंने 1.15 करोड़ रुपये मूल्य के अमेरिकी डॉलर की तस्करी के प्रयास के आरोप में मुंबई हवाई अड्डे पर दो विदेशियों को गिरफ्तार किया है. जानकारी के मुताबिक, एक आरोपी जापान के ओसाका और दूसरा बैंकॉक का रहने वाला है एआईयू अधिकारियों ने कहा कि एक गुप्त सूचना के बाद, दोनों को उस समय रोका गया जब वे बैंकॉक के लिए थाई एयरवेज की उड़ान में सवार होने वाले थे उनके सामान की जांच के दौरान अधिकारियों ने उनके पास से 1,41,500 डॉलर नकद बरामद किए. पैसे एक थैली के अंदर एक हैंडबैग में छिपाकर रखे गए थे पूछताछ करने पर आरोपी इतनी बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा ले जाने के वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका अधिकारियों ने कहा, ''बरामद विदेशी मुद्राएं सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 110 के तहत जब्त कर ली गई हैं यात्रियों को सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 104 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है आरोपी को मुंबई में एक विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.

# मलबे में तब्दील हुआ प्रसिद्ध कमालिस्तान स्टूडियो, बनेगा IT पार्क...

**मुंबई :** साल 1958 में मशहूर फिल्मकार कमाल अमरोही द्वारा स्थापित की गई कमालिस्तान स्टुडिओ अब लगभग अपना अस्तिव खो चुकी है। जोगेश्वरी पूर्व में जोगेश्वरी-मुलुंड लिंक रोड पर मौजूद ये स्टूडियो कभी देश की बड़ी और सुपरहिट फिल्मों का शूटिंग स्थल रहा है, लेकिन वर्तमान में ये स्टूडियो अब मलबे के ढेर से बढ़कर कुछ नहीं। भले ही आज भी लोग उस जगह को कमालिस्तान स्टूडियो के नाम से जानते हों, लेकिन वो समय दूर नहीं जब इसे भुला दिया जाएगा। दरअसल, इस स्टूडियो को डीबी रियलिटी और आरएमजेड कॉर्प ने खरीद लिया है और अब इस पर ग्रैंड आईटी पार्क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।




**कई सुविधाओं से लैस था स्टूडियो**

15 एकड़ में फैले इस स्टूडियो को कभी कलाकारों का लकी स्टूडियो भी कहा जाता था क्योंकि यहां शूट हुई अधिकांश फिल्में सुपरहिट रही हैं। यहां 'पाकीजा', अमर अकबर एंथोनी, कालिया, धर्मवीर, कुली और 'रजिया सुल्ताना' समेत कई बड़ी फिल्मों की शूटिंग की जा चुकी है। बताया जाता है कि उन दिनों में ये मुंबई में इकलौता ऐसा स्टूडियो था जिसमें रेलवे प्लेटफोर्म के सीन्स शूट किए जा सकते थे। किसी भी फिल्मकार के लिए ये स्टूडियो बेहद सुविधाजनक था क्योंकि यहां रेलवे स्टेशन के अलावा पुलिस स्टेशन, अस्पताल, गांव का लोकेशन, कस्बा जैसे अनेकों दृश्यों को शूट किया जा सकता था। 61 साल में इस स्टूडियो में हिंदी, भोजपुरी और अन्य भाषाओं की अनेकों फिल्में यहां शूट हुई थी।

**2010 में बिक गया था स्टूडियो**

गौरतलब है कि ये स्टूडियो साल 2010 में ही बेच दिया गया था, लेकिन यहां 2019 तक शूटिंग चलती रही। इसे कमाल अमरोही के बेटे ताजदार अमरोही, शानदार और बेटी रुखसार अमरोही ने करीब 200 करोड़ रुपए में बेच दिया था। कमाल के निधन के बाद बेटे ताजदार ही इसकी देखरेख करते थे। उन्होंने बताया कि इस स्टूडियो को चलाना बेहद महंगा था और इसके रख-रखाव से लेकर यहां काम कर रहे कर्मचारियों के वेतन, इन सभी को जुटाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था जिसके चलते इसे बेचना ही मुनासिब था। इस स्टूडियो को दुरुस्त करने और तकनीकी रूप से इसे विकसित करने के लिए काफी पैसों की जरुरत था। इसके चलते उन्होंने इसे बेचने का फैसला किया। जानकारी के मुताबिक, यहां कोरोना काल तक शूटिंग की गई। कोविड-19 को लेकर अवेयरनेस कैंपेन वाले अपने प्रचार को भी अक्षय कुमार ने यही शूट किया था। हालांकि महामारी के बाद इस स्टूडियो को ध्वस्त करके यहां आईटी पार्क का काम शुरू कर दिया।

# 4 फीसदी रेलमार्गों को ही मिल सका कवच



**मुंबई :** बालासोर में इसी साल २ जून को तीन ट्रेनों की टक्कर के बाद रेलवे की स्वचालित सुरक्षा प्रणाली 'कवच' की काफी चर्चा हुई थी। ऐसा दावा किया गया था कि रूट पर और ट्रेनों में 'कवच' तो सैकड़ों लोगों को अपनी जान नहीं गंवानी पड़ी होती। रेलवे मंत्रालय ने ३६,५४५ किमी तक रेलमार्गों को कवच सुरक्षा उपलब्ध कराने को मंजूरी दी है, लेकिन हकीकत में इसके ४ फीसदी यानी १,४६५ किमी रेलमार्गों को ही कवच मिल सका है। बता दें कि देश में लगभग ६८ हजार किमी लंबे रेलमार्गों में ९९ प्रतिशत मार्गों पर हादसों का खतरा हमेशा मंडराता है। पूरे देश में अब तक महज १,४६५ किमी मार्गों पर स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली (एटीपीएस) कवच, स्थापित की जा सकी है। अमरावती के आरटीआई कार्यकर्ता अजय बोस द्वारा मांगी गई जानकारी से पता चलता है कि कवच के तहत कवर किया गया १,४६५ किमी दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) में पैष्ठला हुआ है, जिसका मुख्यालय सिकंदराबाद में है।

कवच को भारतीय रेलवे अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) ने भारतीय उद्योग के सहयोग से विकसित किया है। गौरतलब हो कि बालासोर ट्रेन त्रासदी की पृष्ठभूमि में मांगी गई थी, जिसमें २८८ यात्रियों की मौत हो गई थी और १,००० से अधिक घायल हुए थे। जानकारी से पता चला कि ३६,५४५ किमी मार्गों पर कवच कार्यों को मंजूरी दी गई है। 'अब तक भारतीय रेलवे ने कवच स्थापित करने पर ३५२ करोड़ रुपए खर्च किए हैं और २०२३-२४ के लिए ७१० करोड़ रुपए से अधिक निर्धारित किए हैं। अधिकारियों ने कहा कि भारतीय रेलवे ने ११ मार्गों की पहचान की है, जहां देश में स्वदेशी रूप से विकसित कवच स्थापित किए जाएंगे। चालू वित्त वर्ष २०२२-२३ के दौरान रेलवे का लक्ष्य २,००० किलोमीटर रेलमार्ग नेटवर्वष्ठ पर कवच स्थापित करने का है। 'मुंबई-हावड़ा-नागपुर-झारसुगुड़ा खंड इसका हिस्सा होगा। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली-हावड़ा और नई दिल्ली-मुंबई खंडों के लिए कवच रोलआउट की योजना बनाई गई है, जिसे मार्च २०२४ तक पूरा करने का लक्ष्य है।

# अलीबाग पहुंचे किरीट सोमैया, मौजुदा सरकार पर उठाए सवाल

**मुंबई :** भ्रष्टाचार के कई मामलों में विपक्षी दलों को निशाने पर लेने वाले बीजेपी नेता किरीट सोमैया फिर अपने काम पर लग गए हैं। अजित पवार और उनके कई साथियों के सरकार में शामिल होने के बाद किरीट सोमैया को सवाल खड़े किए जा रहे थे कि अब वे किसके भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलेंगे। इस बीच, सोमैया रायगढ़ जिले के अलीबाग के पास कोरलाई गांव में अवैध रूप से बने 19 बंगलो का मामला उठाया हैं। किरीट सोमैया ने कहा कि सीआरजेड का उल्लंघन कर दो और नए अवैध रिसोर्ट बनाए गए हैं। उन्होंने रेवदंडा पुलिस स्टेशन में शिकायत भी की। ऐसे में सवाल उठाया जा रहा है कि पिछले एक साल से तो राज्य में बीजेपी-शिवसेना की सरकार है, इसके बावजुद सीआरजेड नियमों का उलंघन कर समुद्र किनारे अवैध निर्माणकार्य हो रहे हैं।




किरीट सोमैया भी अपनी सरकार की भूमिका पर सवाल उठा रहे हैं।

**रिजोर्ट को लेकर किरीट सोमैया और अनिल परब आमने-सामने**

गौरतलब है कि रत्नागिरी जिले में समुद्र के किनारे अवैध रिसोर्ट को लेकर किरीट सोमैया और उद्धव गुट के नेता अनिल परब में पिछले दो वर्षों से ठनी हुई है। यह मामला हाईकोर्ट भी पहुंच गया है। किरीट सोमैया इसी तरह दापोली में 'अवैध रूप से निर्मित' रिजॉर्ट को एड परब का बताते हुए उसे ध्वस्त करने की मांग कर चुके हैं। उद्धव ठाकरे के करीबी और पूर्व मंत्री अनिल परब पर का नाम विवादित रिजॉर्ट से जोड़े को लेकर सोमैया और परब के बीच कोर्ट में मामला चल रहा है। इस बीच, अब कोरलाई बीच पर बने 19 बंगलो के खिलाफ सोमैया सक्रिय हो गए हैं। बीजेपी नेता किरीट सोमैया रत्नागिरी,रायगढ़ के अलीबाग में समुद्र किनारे अब भी सीआरजेड का उलंघन कर अवैध बंगलों और रिसोर्ट का निर्माण हो रहा है। परब का अवैध रिसोर्ट को गिराने की मांग करने वाले किरीट सोमैया के निशाने पर अब उनके दल की सरकार आ गई है।




## हिमाचल में बारिश का कहर...8 की मौत

### लाहौल स्पीति में 200 लोग फंसे, 6 NH समेत 800 सड़कें बंद, 2 दिन स्कूलों में छुट्टी



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 35 घंटे से जारी मूसलाधार बारिश तबाही मचा रही है। नदी-नाले उफान पर है। लैंडस्लाइड व फ्लैश फ्लड की चपेट में आने से आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ घायल और तीन लापता बताए जा रहे हैं। भारी बारिश को देखते हुए 10 और 11 जुलाई को राज्य के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में छुट्टी का ऐलान कर दी गई है।

ठियोग में धमांदरी के बागड़ा गांव में घर पर लैंड स्लाइड से मां-बेटे की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने मृतक सोनू और कांता के शव मलबे से निकाल दिए है। वहीं बीती रात कोटगढ़ की मधावनी पंचायत के पानेवली गांव में मकान पर मलबा गिरने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत और दो घायल हो गए।

कुल्लू के लंकड़ाबीर गांव में एक महिला तथा चंबा के काकियान में भी एक व्यक्ति की लैंडस्लाइड से मौत हो गई। शिमला के साथ लगते रझाणा में भी दोपहर बाद लैंड स्लाइड से एक युवती की मौत हो गई, जबकि एक बुजुर्ग महिला का सुराग नहीं लग पाया और सर्च ऑपरेशन जारी है। प्रदेशभर में भारी बारिश से 6 नेशनल हाईवे सहित 800 से ज्यादा सड़कें बंद हो गई हैं। उधर, मंडी जिले में कुल्लू-बंजार-लुहरी-रामपुर को जोड़ने वाला 50 साल पुराना पुल भी ब्यास नदी के तेज बहाव में बह गया है।

# वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अब केसरिया रंग की होगी

### रेल मंत्री बोले- नया कलर तिरंगे से प्रेरित, नई ट्रेन में 25 बदलाव भी किए गए




**चेन्नई।** रेलवे ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का रंग बदल दिया है। ब्लू की जगह अब से केसरिया रंग होगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि नया रंग तिरंगे से प्रेरित है। इसके अलावा वंदे भारत ट्रेन में सुविधा के हिसाब से 25 छोटे-छोटे बदलाव भी किए गए हैं।

यात्रियों और एक्सपर्ट्स ने इसके लिए सुझाव दिए थे। देशभर में अभी 25 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही हैं। 2 ट्रेनों को रिजर्व में रखा गया है। 28वीं ट्रेन को ट्रायल बेसिस पर केसरिया रंग दिया गया है। यह ट्रेन अभी चेन्नई के इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में रखी हुई है। इसी फैक्ट्री में सभी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को बनाया जाता है।

#### रेल मंत्री बोले- फीडबैक के हिसाब से किए गए बदलाव

रेल मंत्री ने कहा कि ये मेक इन इंडिया का कॉन्सेप्ट है। यह हमारे देश के इंजीनियर और टेक्नीशियन्स द्वारा डिजाइन की गई है। हमने वंदे भारत ट्रेनों में फील्ड यूनिट्स से मिल रहे फीडबैक के हिसाब से बदलाव किए हैं। अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को एक नए सेफ्टी फीचर 'एंटी क्लाइंबिंग डिवाइस' का भी इंस्पेक्शन किया। इस फीचर के होने से एक्सीडेंट होने की स्थिति में ट्रेन एक-दूसरे के ऊपर नहीं चढ़ेंगी। उन्होंने बताया कि सभी वंदे भारत और दूसरी ट्रेनों में भी ये स्टैंडर्ड फीचर रहेंगे।

#### जनरल कोच को भी एडवांस बनाया जा रहा

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रेलवे बिना रिजर्वेशन वाले पैसेंजर्स के लिए भी एडवांस्ड फीचर वाले कोच बनाने पर काम कर रहा है। इससे कम कमाई वाले लोग भी अच्छी क्वालिटी और कंफर्ट वाली सुरक्षित ट्रेनों में सफर कर पाएंगे।

#### वंदे भारत एसी चेयरकार और एग्जीक्यूटिव क्लास का किराया 25 प्रतिशत तक घटेगा

रेलवे बोर्ड ने वंदे भारत समेत सभी ट्रेनों के एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव क्लास के किराए में 25 प्रतिशत तक की कटौती करने का ऐलान किया है। यह रियायती दरें केवल उन ट्रेनों के किराए पर लागू होंगी जिनमें पिछले 30 दिनों के दौरान 50 प्रतिशत सीटें ही भर पाई थीं।

## प्रोजेक्ट नई किरण ने दो परिवार का कराया पुनर्मिलन



**ललितपुर।** स्थानीय पुलिस लाइन्स सभागार में पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में तथा प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइंस की उपस्थिति में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद 02 परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया। दोनों परिवार खुशी-खुशी, साथ-साथ रहने को तैयार हो गये एवं आपस में मिठाई खिलाकर रिश्तों की मिठास का संदेश दिया। साथ ही 12 मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी। प्रोजेक्ट नई किरण के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस दौरान अजय बरया, सुधा कुशवाहा, जनक किशोरी शर्मा, एड.अरमान कुरैशी, सुभाषचंद्र जैन, संजीव कुमार शर्मा, डा.एस.पी. पाठक नई किरण में महिला थाना प्रभारी उमा सैनी, महिला आरक्षी नीलम आदि का विशेष सहयोग रहा।

## प्रोजेक्ट नई किरण' ने 02परिवार का कराया पुनर्मिलन



**ललितपुर।** पुलिस लाइन्स सभागार में श्रीमान पुलिस अधीक्षक ललितपुर के निर्देशन में तथा प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइंस की उपस्थिति मे卐प्रोजेक्ट नई किरण卐 का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद 02 परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया, 02 परिवार खुशी-खुशी, साथ-साथ रहने को तैयार हो गये एवं आपस में मिठाई खिलाकर रिस्तों की मिठास का दिया संदेश व 12 मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी, प्रोजेक्ट नई किरण के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस पुनीत कार्य में नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य अजय बरया, श्रीमती सुधा कुशवाहा, श्रीमती जनक किशोरी शर्मा, श्री एड अरमान अजीज कुरेशी, सुभाष चंद्र जैन, संजीव कुमार शर्मा, डॉ एसपी पाठक नई किरण में महिला थाना उमा सैनी, महिला आर नीलम, आदि का विशेष सहयोग रहा।

# जैन अटामंदिर में आचार्य संघ के सानिध्य में हुआ भक्तामर शिविर का शुभारम्भ

**ललितपुर।** पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटामंदिर में आज उच्चारणाचार्य विनम्रसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में श्री भक्तामर शिविर का शुभारम्भ प्रभावना पूर्वक हुआ जिसमें श्रावकों को उन्होने भक्तामर स्त्रोत की महिमा बताते हुए इसे अतिशयकारी बताया जिसकी आराधना और भक्ति को जीवन में कल्याणकारी है। भक्तामर को गुणों की खान और भक्तों की जान बताते हुए कहा तहे दिल से इसे जिसने गाए वह भगवान बन जाए तभी तो सभी की जान है भक्तामर।

भक्तामर स्त्रोत की रचना और कारण के संबंध में बताया सातवी शताब्दी में उज्जैन की धार नगरी में राजा भोज के समय आचार्य मानतुंग स्वामी ने जेल में प्रथम तीर्थेश आदिनाथ प्रभु की भक्तिपूर्वक आराधना संस्कृत में की। आचार्य श्री ने जीवन में गुरू की महिमा बताते हुए कहा भक्त कभी अपने गुरू का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकता और कहा भक्तामर की उत्पत्ति का कारण भी बताया।

सुबह बुद्धि, सिद्धि,समृद्धि प्रदायक सर्वविग्न विनाशक महामृत्युंजयी भक्तामर शिविर का शुभारम्भ आचार्यश्री विनम्र सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में भगवान के



अभिषेक शान्तिधारा मुनि विज्ञसागर महाराज के मुखारविन्द से पुर्ण्याजक परिवार ने की शिविर का ध्वजारोहण सुनील कुमार नीलेश समैया ने किया। जवकि आचार्यश्री के पादप्रक्षालन विधान पुर्ण्याजक सवाई सिंघई शीलचंद राजीव अनौरा द्वारा किया गया। संगीतमय पूजन के उपरान्त विधान पं.जयकुमार जैन ने भक्तिपूर्वक सम्पन्न कराया जिसमें महिलामण्डल सहित उपस्थित भक्तजनों ने अर्घ समर्पित किए।

महामंत्री डा.अक्षय टडैया ने संचालन करते हुए आचार्यश्री के सानिध्य में भक्तामर शिविर का आयोजन ललितपुर के लिए गौरव के क्षण बताया जिसके माध्यम से श्रावक भक्तामर स्त्रोत के सही उच्चारण और महिमा को आसानी से समझ सकेगा। गौरतलब रहे आचार्यश्री विनम्र सागर महाराज एवं संघस्थ मुनि विज्ञ सागर महाराज, विनंद सागर महाराज, मुनिश्री विनुत सागर महाराज, मुनिश्री शुभ सागर महाराज, मुनिश्री विश्वधीर सागर महाराज, मुनिश्री विश्वमित सागर महाराज, आर्यिका विमलश्री माताजी, आर्यिका विनेहश्री माता, वितपश्री माताजी, विसमश्री माताजी, विपुलश्री माताजी, विमुदश्री माताजी, विभव्यश्री माताजी, विशर्वश्री माताजी, प्रमाश्री माताजी का ललितपुर में चातुर्मास स्थापित होने से जैन अटामंदिर में मुनि एवं आर्यिका संघ के माध्यम से अपूर्व प्रभावना हो रही है और श्रावक उनके सानिध्य में ज्ञानार्जन कर रहे हैं।

आज सायंकाल भक्तामर शिविर की महाआरती विधानपुर्ण्याजक अनौरा परिवार के आवास से प्रारम्भ हुई जो प्रभावना के साथ अटामंदिर पहुची जहां प्रभुचरणों में 48 दीपों द्वारा सर्वसिद्धि मंत्रों द्वारा भक्तिपूर्वक आरती हुई। इस मौके पर कपूरचंद, मनोज जैन, अखिलेश, आनंद जैन, मीना इमलिया, राजेन्द्र जैन, कोमल दादा, अक्षय अलया, प्रेमचंद, रामप्रकाश जैन, संजीव जैन, आनंद, अमिताभ जैन, गेंदालाल सतभैया का.जिनेन्द्र जैन, चंदन सिंघई, चंचल, अनंत सराफ आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।




# 18 जुलाई को भाजपा ने NDA की मीटिंग बुलाई

## बिहार से चिराग समेत 3 दलों के नेता आएंगे, NCP, अकाली और TDP भी आ सकती है



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। भगवा पार्टी की अगुवाई में 18 जुलाई को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के अजित पवार साथ-साथ महाराष्ट्र में शिवसेना और सरकार की कमान संभाल रहे एकनाथ शिंदे के भी शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान के भी शामिल होने की पूर्ण संभावना है।

भाजपा नेतृत्व ने सैद्धांतिक रूप से जनता दल (एस), ओम प्रकाश राजभर के सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी और बिहार में मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी को भी एनडीएम शामिल होने की सहमति दे दी है। हालांकि, अभी तक किसी भी दल ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। इसके अलावा उपेंद्र कुशवाहा के भी इस बैठक में शामिल होने की संभावना है।

### महाराष्ट्र में मजबूत दिख रही एनडीए की स्थिति

अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी की तरफ से राज्यसभा सांसद प्रफुल्ल पटेल इस बैठक में शामिल हो सकते हैं। शरद पवार ने अपनी बेटी सुप्रिया सुले के साथ उन्हें भी एनसीपी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया था। पहले शिवसेना और अब एनसीपी में हुई टूट के कारण महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों पर 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए की स्थिति मजबूत दिखने लगी है। भारतीय जनता पार्टी ने चिराग पासवान को वापस लेने का भी फैसला किया है।

# इंदौर में आदिवासी भाइयों को पाइप से पीटा

## रातभर बंधक बनाकर रखा, सड़क पर बाइक से फिसले थे, जल्दी नहीं उठने पर विवाद

इंदौर। इंदौर में दो आदिवासी लड़कों के साथ मारपीट का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में एक युवक दोनों को पाइप से पीटते दिख रहा है। मारपीट करने वाला युवक गालियां भी दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद आदिवासी संगठन जयस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने इस घटना के बहाने राज्य सरकार को निशाने पर लिया है। जयस के प्रदेश मीडिया प्रभारी शुभम बुंदेला ने बताया कि घटना शुक्रवार रात करीब 9.30 बजे राऊ क्षेत्र की है। पीड़ित और उसका भाई दोनों नाबालिग हैं। वे धार जिले के नालछा के रहने वाले हैं। दोनों बाइक से जा रहे थे, तभी सड़क पर बाइक फिसल गई और दोनों गिर गए। पीछे से आ रहे युवक ने उन्हें रास्ते से बाइक हटाने के लिए कहा और गाली देने लगा। युवक नशे में था। दोनों भाइयों ने गाली देने का विरोध किया तो विवाद हो गया। इसके बाद आरोपी युवक सुमित चौधरी अपने साथियों के साथ दोनों भाइयों को राऊ क्षेत्र में एक जगह ले गया।

# अभाविप ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह

## मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया पुरुस्कृत



**मड़ावरा (ललितपुर)।** तहसील मड़ावरा के ब्लाक मुख्यालय स्तिथ अटक सभागार में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्तिथ अतिथि महानुभावों द्वारा तहसील क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के बल पर कामयाबी हासिल करने वाले छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता दीक्षा राजपूत द्वारा दृण निश्चय से ठान लिया है, होंगे सब सपने साकार सकल विश्व में गूंज रही है, भारत माँ की जय जयकार के मधुर व जागरूकता के बोलों के साथ स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात आगंतुक अतिथि महानुभावों द्वारा सरस्वती माता व स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। तत्पश्चात नियत कार्यक्रम अनुसार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं द्वारा आगंतुक अतिथियों का बेच अलंकरण कर स्वागत किया गया। इस दौरान अतिथियों द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की प्रतिभावान विद्यार्थी देश की धरोहर हैं। उन्हें समय समय पर उचित मंच के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जिससे उन्हें सम्बल के साथ ही आगे बढने् की प्रेरणा मिले।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र पंचायत मड़ावरा प्रमुख चन्द्रदीप रावत, मुख्य वक्ता के रूप में दीपक पाठक, विशिष्ट अतिथि के रूप में मुनीन्द्र सिंह गौर, जिला संयोजक अभिषेक पटेरिया, नगर उपाध्यक्ष मनोहर सिंह, नगर मंत्री अंकित सिंह, नगर प्रचारक महरौनी सौरभ सिंह, नगर तहसील संयोजक महरौनी रोहित सिंह, मड़ावरा नगर संयोजक आशीष कटारे ने अपनी उपस्तिथि प्रदान करते हुए कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी।

# थानाध्यक्ष बानपुर ने व्यापारियों के साथ की बैठक

## बैठक में कस्बे के व्यापारियों की समस्याओं व सुझावों के बारे में ली जानकारी



**बानपुर (ललितपुर)।** रविवार शाम को थानाध्यक्ष बानपुर राजपाल सिंह ने कस्बे के व्यापारियों के साथ एक आवश्यक बैठक की जिसमें सर्वप्रथम व्यापारियों से परिचय प्राप्त किया व उनके व्यापार के विषय में जानकारी ली गयी। उपरांत व्यापारियों से व्यापार के दौरान आने बाली असुविधा के सम्बन्ध में जानकारी ली व उसे दूर करने के विषय में सुझाव लिए गये। इस अवसर पर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष प्रमोद सर्राफ, महामंत्री राजू चौधरी, आशीष रावत, मंडल अध्यक्ष अरुण प्रकाश द्विवेदी, ग्राम प्रधान काशीराम रजक, आनंद जैन, रविन्द्र नामदेव, जयदीप परमार, मजले राजा, दीपक गौर व कस्बे के पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

# पं.गौरव तिवारी की द्वितीय पुण्यतिथि पर जिला अस्पताल में कराया जरूरतमंदो को भोजन



**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के कार्यालय अधीक्षक रमाकांत तिवारी के पुत्र गौरव तिवारी की द्वितीय पुण्यतिथि पर जिला अस्पताल में अन्नपूर्णा सेवा संघ के माध्यम से गरीबों को भोजन कराया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने गरीबों को भोजन परोस कर समाज सेवा की। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक कुमार पटैरिया, सपा की पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, कैलाश नारायण कौशल, शत्रुघन यादव, अमित प्रिय जैन, कार्यालय अधीक्षक रमाकांत तिवारी, शशीकांत तिवारी, लक्ष्मीकांत, उमाकांत, चंद्रकांत, आफताब कांत, शक्तिकांत, जयकांत तिवारी, संजय तिवारी उर्फ शिल्लू, प्रेम गुप्ता, वरिष्ठ लिपिक दीनदयाल सोनी, नजूल लिपिक, सुधीर रावत, विनीत बाबा, रुपेंद्र साहू, विकास पुरोहित, संजीव बबेले, विवेक त्रिपाठी, बालाजी ठाकुर, विष्णुकांत तिवारी सत्तू, अमित श्रीवास्तव रानू, सुनील बाल्मिकी, पवन साहू, गौहर खान, लकी शर्मा, विवेक त्रिपाठी, देवेंद्र यादव, नीरज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पाठशाला से संस्कारित होते बच्चे : आर्यिकाश्री

## आचार्य विद्यासागर महाराज का बच्चों ने किया अष्ट द्रव्य से पूजन

**ललितपुर।** वर्णीनगर मडावरा में आचार्य श्रेष्ठ 108 विद्यासागर महाराज के आर्शीर्वाद से आर्यिकारत्न 105 दृढमति माताजी की संघस्थ आर्यिकारत्न 105 धारणामति, आर्यिकाश्री मुदितमति, आर्यिकाश्री शास्त्रमति माताजी ससंघ का चातुर्मास नगर की हृदय स्थली श्रीमहावीर विद्या विहार में चल रहा है। प्रतिदिन की श्रंखला में सुबह श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा पुण्यार्जक परिवारों ने की। तत्पश्चात रविवारीय विशेष पूजन आचार्य विद्यासागर संस्कार वर्णी पाठशाला के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पाठशाला की प्राचार्या ममता जैन, रिंकी सिंघई, रितु जैन के निर्देशन में किया।

धर्मसभा के पूर्व आचार्य श्रेष्ठ 108 विद्यासागर महाराज के चित्र का अनावरण, दीप प्रज्जवलन एवं आर्यिका ससंघ को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य गौरव अध्यक्ष डा.बिरधीचंद्र जैन के परिवार ने प्राप्त किया। इस दौरान धर्म सभा को संबोधित करते हुए आर्यिका श्री 105 धारणामति माता जी ने कहा कि अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वह बच्चों को प्रतिदिन पाठशाला भेजें।जिससे बच्चे पाठशाला में पढकर संस्कारवान बनें। पाठशाला में पढ़कर बच्चे संस्कारित होते हैं उनमें धार्मिक एवं नैतिक संस्कारों का बीजारोपण होता है। आर्यिकाश्री के प्रवचन के पश्चात प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार चातुर्मास समिति के मंत्री प्रदीप जैन की ओर से प्रदान किए गए। प्रवचन के पश्चात पाठशाला के बच्चों को स्वल्पाहार का वितरण किया गया। संचालन चातुर्मास समिति के महामंत्री राजू सौंरया ने किया।







# ‘हम सब लोग अपनी इमेज के पीछे भागते हैं’, वरुण धवन ने इनसिक्योरिटी पर कही बड़ी बात



**वरुण** धवन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ‘बवाल’ के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म के साथ वरुण धवन थिएटर में नहीं, बल्कि ओटीटी पर दस्तक देंगे। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी रोमांस और सस्पेंस से भरपूर इस फिल्म में पहली बार उनके साथ जाह्नवी कपूर की जोड़ी फैंस को देखने को मिलेगी। पोस्टर्स और टीजर देखकर ही फैंस काफी एक्साइटेड हो गए थे और अब फिल्म की कास्ट ने रविवार को दुबई के क्वीन एलिजाबेथ 2 क्रूज पर ‘बवाल’ का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज किया। इस दौरान वरुण धवन ने एक कलाकार बनने के लिए कितना निडर होना पड़ता है और साथ ही अपनी छवि को लेकर कितना ध्यान रखना पड़ता है इस पर बात की।

वरुण धवन ने मीडिया से बातचीत के दौरान एक कलाकार को किन-किन चीजों से लड़ना पड़ता है इस पर बातचीत की। उन्होंने कहा, ‘‘मैं जो वास्तविक जीवन में हूं, वह इस किरदार से बहुत अलग है। कलाकार बनने के लिए आपको निडर होना पड़ता है। अपनी इनसिक्योरिटी से लड़ना पड़ता है। हर इंसान को इनसिक्योरिटी के अंदर एक इनसिक्योरिटी होती है, जिसका सामना उन्हें खुद ही करना पड़ता है। हर कोई अपनी छवि का बहुत ध्यान देता है। हम लोग सब इमेज के पीछे भागते हैं। फिल्टर लगाकर अपनी जिंदगी जीते हैं। जीवन में आपको क्या चाहिए, प्राथमिकताएं क्या होनी चाहिए है, यह फिल्म उस पर बात करेगी’’। वरुण धवन ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, ‘‘मैं अपने भविष्य को लेकर काफी चीजें सोचा करता था। लेकिन वह अपने मन के भीतर रखता था, परिवार में भी कोई पूछता था कि एक्टर बनोगे, तो मैं कह देता था कि नहीं, मुझे तो बिजनेसमैन बनना है। दिल में जानता था कि एक्टर बनना है।’’



# जी ले जरा में प्रियंका चोपड़ा की जगह लेने से अनुष्का शर्मा ने किया इनकार, जानें क्या है वजह

**पिछले** कुछ दिनों से फरहान अख्तर की आने वाली फिल्म ‘जी ले जरा’ चर्चा में है। एक्टर ने साल 2021 में इस मूवी का एलान किया था, जिसमें कटरीना कैफ, प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट को कास्ट किया गया था। हाल ही में खबर आई थी कि प्रियंका चोपड़ा जोनस ने फिल्म छोड़ दी है । वहीं इसके बाद चर्चा रही कि मेकर्स ने प्रियंका की जगह अनुष्का शर्मा से संपर्क करने जा रहे हैं, लेकिन रिपोर्टों से पता चलता है कि अब ऐसा नहीं हो रहा है। अब कहा जा रहा है कि अनुष्का ने इसके लिए मना कर दिया ।

‘बॉलीवुड हंगामा’ के मुताबिक, अनुष्का शर्मा ने तारीख मैच न होते हुए इस फिल्म को मना कर दिया है। रिपोर्ट में बताया गया कि अनुष्का इस सेल्फ-डिस्कवरी फिल्म का हिस्सा बनने के लिए एक्साइटेड थीं, लेकिन मेकर्स जो तारीखें मांग रहे थे, उसके लिए अनुष्का पहले से ही बिजी है और टीम ऐसी तारीखें चाहती थी जो आलिया भट्ट और कटरीना कैफ के साथ मैच हों। कहा जा रहा है कि कास्टिंग की समस्या के चलते फरहान ने फिल्म को फिलहाल रोक दिया है। अब वह आमिर खान के साथ अपने एक्टिंग असाइनमेंट पर ध्यान दे रहे हैं। वो फिल्म एक स्पैनिश स्पोर्ट्स कॉमेडी की रीमेक है। इसके बाद वह रणवीर सिंह के साथ ‘डॉन 3’ में नजर आएंगे।

# ‘गैंग्स ऑफ वासेपुर’ हिट होने के बाद असमंजस में पड़ गई थीं हुमा, बोलीं- रोने के लिए कंधा तो था...

**बॉलीवुड** की खूबसूरत अभिनेत्रियों में शुमार हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म ‘तरला’ को लेकर सुर्खियों में हैं। पद्मश्री विजेता कुकरी एक्सपर्ट तरला दलाल के जीवन पर आधारित इस फिल्म में हुमा ने अपने अभिनय की ऐसी खुशबू फैलाई कि सभी उनकी तारीफ करने पर मजबूर हो रहे हैं। ऐसे में हुमा बैक टू बैक इंटरव्यू दे रही हैं। इनमें वह न केवल अपनी फिल्म के बारे में बल्कि अपने पुराने दिनों की बातें भी साझा कर रही हैं। हाल ही में दिए एक ऐसे ही इंटरव्यू में हुमा ने ‘गैंग्स ऑफ वासेपुर’ हिट होने के बाद अपने दिलो-दिमाग में बैठी असमंजस के बारे में खुलकर बात की। एक मीडिया संस्थान से की गई बातचीत में हुमा कुरैशी ने कहा कि ‘गैंग्स ऑफ वासेपुर’ हिट होने के बाद वह समझ नहीं पा रही थीं कि उन्हें भविष्य में अपने लिए किस तरह की फिल्में चुननी चाहिए और किसे नजरअंदाज करना चाहिए। उन्होंने अपनी बात को विस्तार से बताते हुए कहा कि वह अपने आप से लेकर हर चीज के लिए असुरक्षित महसूस करती थीं। वह तय नहीं कर पा रही थीं कि वह वे फिल्में क्यों नहीं कर रही हैं, जिन्हें करने के लिए अन्य लोग सहमत थे। हुमा कुरैशी ने इस इंटरव्यू में यह भी खुलासा किया कि उनके पास इन सब पर बात करने के लिए कोई नहीं था। केवल उनके छोटे भाई साकिब सलीम ही फिल्म इंडस्ट्री में थे। हालांकि, वह भी उस समय इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे थे। अभिनेत्री के मुताबिक, उनके पास रोने के लिए कंधा तो था, लेकिन इस कठिन परिस्थिति में मार्गदर्शन करने वाला कोई नहीं था। हुमा ने बताया कि इन सबके बावजूद उन्होंने कभी हार मानने के बारे में नहीं सोचा।



# अभिनय के साथ अब इस फील्ड में भी दिखेगा परिणीति का कौशल, हेल्थ केयर ब्रांड में किया निवेश

**बॉलीवुड** अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा पिछले काफी समय से अपने फैंस को सरप्राइज पर सरप्राइज दे रही हैं। पहले आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा संग अपने रिश्ते का सस्पेंस बरकरार रखने वाली परिणीति, जहां अब उनसे सगाई कर रिलेशन पर मुहर लगा चुकी हैं। वहीं अब अभिनेत्री फैंस के लिए एक और तोहफा लेकर आई हैं, जिससे सुन सभी खुश हो जाएंगे। बीते दिन, सोशल मीडिया पर सस्पेंस फुल वीडियो साझा करने के बाद परिणीति ने आज उस सस्पेंस का खुलासा कर दिया है।

दरअसल, परिणीति अब सिर्फ अभिनय की दुनिया में ही नहीं बल्कि बिजनेस भी अपना हुनर दिखाएंगी। ‘इश्कजादे’, ‘ऊंचाई’ जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के बाद, अब अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा एक बिजनेस वुमन के रूप में अपना एक नया सफर शुरू करने के लिए तैयार हैं। दरअसल, परिणीति ने आज अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर फैंस के साथ एक पोस्ट साझा कर बिजनेस की दुनिया में कदम रखने की घोषणा की। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में अभिनेत्री ने खुलासा किया कि उन्होंने पिछले आठ महीनों में अपने करियर और निजी जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं, जिनमें से एक यह भी है। परिणीति चोपड़ा ने एक हेल्थकेयर ब्रांड ‘क्लेंस्टा’ में इंवेस्ट किया है। बता दें, एक अभिनेत्री होने के अलावा परिणीति के पास मैनचेस्टर बिजनेस स्कूल से बिजनेस, फाइनेंस और इकोनॉमिक्स में ट्रिपल ऑनर्स की डिग्री है। अभिनेत्री का हमेशा से एक इंवेस्टमेंट बैंकर बनने का सपना था। अपनी इंवेस्टमेंट के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने बताया कि वह पिछले 4 वर्षों से इस तरह का कुछ करना चाहती थीं, लेकिन एक टीम की तलाश में थीं जिसका वह हिस्सा बन सकें।



मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 – 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सएप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .